**D**

**CCE PR**
**UNREVISED**
**REDUCED SYLLABUS**
**NSR & NSPR**

# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560 003

# KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್, 2023**

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH/APRIL, 2023**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 12. 04. 2023 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 12. 04. 2023 ] **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Private Repeater / NSR & NSPR )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** $10 \times 1 = 10$ | |
| 1. | 'ज्ञान' शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) सुज्ञान (B) अज्ञान<br>(C) विज्ञान (D) जान<br>**उत्तर :** (B) अज्ञान | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | 'बहन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –<br>(A) लड़का (B) बाप<br>(C) बेटा (D) भाई<br>**उत्तर :** (D) भाई | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –<br>(A) कहानी (B) किताब<br>(C) पैसे (D) कपड़ा<br>**उत्तर :** (C) पैसे | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रियारूप है –<br>(A) गिराना (B) गिरना<br>(C) गिरावट (D) गिर<br>**उत्तर :** (A) गिराना | 1 |
| 5. | परोपकार शब्द में संधि है –<br>(A) दीर्घ (B) वृद्धि<br>(C) गुण (D) यण<br>**उत्तर :** (C) गुण | 1 |
| 6. | 'राजमहल' शब्द में समास है –<br>(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व<br>(C) द्विगु (D) तत्पुरुष<br>**उत्तर :** (D) तत्पुरुष | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | मोटर उसके ऊपर से निकल गई ! | |
| | वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है – | |
| | (A) विस्मयादिबोधक (B) पूर्ण विराम | |
| | (C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम | |
| | **उत्तर :** (A) विस्मयादिबोधक | 1 |
| 8. | देश को तुम ...................... गर्व है । | |
| | रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा – | |
| | (A) में (B) का | |
| | (C) की (D) पर | |
| | **उत्तर :** (D) पर | 1 |
| 9. | 'पर्वत' शब्द का पर्यायवाची रूप है – | |
| | (A) छोटी (B) गिरि | |
| | (C) पत्थर (D) जंगल | |
| | **उत्तर :** (B) गिरि | 1 |
| 10. | 'पौ फटना' मुहावरे का अर्थ है – | |
| | (A) प्रभात होना (B) टूट जाना | |
| | (C) रात होना (D) अँधेरा होना | |
| | **उत्तर :** (A) प्रभात होना | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 11. | इंटरनेट हैकिंग : अभिशाप : : इंटरनेट बैंकिंग : ................. <br> **उत्तर :** वरदान | 1 |
| 12. | कुवेंपु : ज्ञानपीठ से पुरस्कृत : : डॉ. सी. एन. आर. राव : ....... <br> **उत्तर :** भारतरत्न से पुरस्कृत | 1 |
| 13. | गिल्लू : रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ............... <br> **उत्तर :** व्यंग्य रचना | 1 |
| 14. | कृष्ण को चिढ़ाने वाला : बलराम : : कृष्ण को मनाने वाली : ................ <br> **उत्तर :** यशोदा | 1 |
| 15. | कलाम का पक्का दोस्त : रामानंद शास्त्री : : कलाम के अंतरंग मित्र : ................... <br> **उत्तर :** जलालुद्दीन | 1 |
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 16. | टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है <br> **उत्तर :** भोजन का | 1 |
| 17. | कर्नल का नाम क्या था ? <br> **उत्तर :** खुल्लर | 1 |
| 18. | कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं ? <br> **उत्तर :** भारत माता / मातृभूमि | 1 |
| 19. | दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ? <br> **उत्तर :** विचित्र और नवीन | 1 |
| 20. | शहर में किस सम्मेलन का आयोजन किया गया था ? <br> **उत्तर :** ईमानदारों का सम्मेलन | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 10 × 2 = 20 | |
| 21. | चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ?<br>**उत्तर :** चप्पलें एक जगह नहीं उतारनी चाहिए । एक चम्पल एक जगह, दूसरी चप्पल उससे दस फीट दूरी पर उतारनी चाहिए । | 2 |
| 22. | बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?<br>**उत्तर :** नोट भुनाकर लाते वक्त बसंत मोटर की दुर्घटना में बेहोश हो गया । इसलिए वापस नहीं लौटा । | 2 |
| 23. | आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?<br>**उत्तर :** चावल, सुगंधित स्वादिष्ट सांबार, घर का बना अचार, नारियल की चटनी । | 2 |
| 24. | प्रेमचंद के अनुसार सेब का क्या महत्व है ।<br>**उत्तर :** रोज एक सेब खाने से डाक्टर के पास जाने की जरूरत न रहेगी । सेब केवल स्वाद की चीज नहीं, उसमें गुण भी हैं । | 2 |
| 25. | दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?<br>**उत्तर :** जो मानव दूसरे मानव के साथ आपसी ईर्ष्या-द्वेष को छोड़कर, प्रेम से भाईचारे के साथ रहता है वही सही मानव है । | 2 |
| 26. | बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?<br>**उत्तर :** नंद और यशोदा गोरे हैं, लेकिन तुम्हारा शरीर क्यों काला है ? तुम्हें यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है, बल्कि मोल लिया है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 27. | भारत माता का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?<br>**उत्तर :** भारत माता के एक हाथ में न्याय-पताका है । दूसरे हाथ में ज्ञान-दीप है । | 2 |
| 28. | शनि ग्रह के उपग्रहों के बारे में लिखिए ।<br>**अथवा**<br>'शनि ग्रह' सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह है । कैसे ?<br>**उत्तर :** पहले शनि के 10 उपग्रह खोजे गये थे । पयोनियर तथा वायजर अंतरिक्षयान की खोज-बीन से और सात उपग्रहों का पता चला । 'टाइटन' शनि का सबसे बड़ा और दिलचस्प उपग्रह है ।<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह के चारों ओर सुंदर वलय हैं । वे स्पष्ट और विस्तृत हैं । ऐसा लगता है – प्रकृति ने उसके गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं । | 2 |
| 29. | 'सत्य की महिमा' पाठ में किन-किन महान् व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है ?<br>**अथवा**<br>सत्य की शक्ति के बारे में महात्मा गाँधी जी का क्या कथन है ?<br>**उत्तर :** राजा हरिश्चंद्र, राजा दशरथ, महात्मा गाँधी, जॉन मेन्सफील्ड । ( इनमें से कोई तीन नाम )<br>**अथवा**<br>सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 30. | शनि ग्रह का वायुमण्डल किन-किन गैसों से बना है ?<br>**अथवा**<br>टाइटन के बारे में आप क्या जानते हैं ?<br>**उत्तर :** हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया ।<br>**अथवा**<br>'टाइटन' शनि का सबसे बड़ा उपग्रह है । इसका व्यास 5150 किलोमीटर है । इसकी सतह पर अंतरिक्षयान को उतारा जा सकता है । | 2 |
| V. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>$11 \times 3 = 33$ | |
| 31. | लेखिका के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** गिल्लू हमेशा लेखिका के समीप रहना पसंद करता था । लेखिका की गैर हाज़री में बहुत उदास रहता था । तब काजू भी कम खाता था । उनकी अस्वस्थता में तकिये पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हे-नन्हे पंजों से उनके सिर और बालों को हौले-हौले सहलाता था । | 3 |
| 32. | जलालुद्दीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** जलालुद्दीन रामेश्वरम के स्थानीय ठेकेदार थे । वे शिक्षित थे । अधिक सामान्य ज्ञान रखते थे । पूरे इलाके में अंग्रेजी लिखनेवाले एक मात्र व्यक्ति थे । कलाम को हमेशा शिक्षित व्यक्ति, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते थे । कलाम के व्यक्तित्व निर्माण में इनका पात्र प्रमुख है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 33. | 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** सोशल नेटवर्किंग ने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर लाकर खड़ा कर दिया है । इसके कई साइट्स होते हैं । फेसबुक, आरकुट, ट्विटर आदि । इनके द्वारा देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि विषयों को जान सकते हैं । | 3 |
| 34. | एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या-क्या किया ? विवरण दीजिए ।<br>**उत्तर :** चोटी पर पहुँचने के बाद खड़े होने के लिए सुरक्षित जगह बना ली । घुटनों के बल पर बैठी । बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे के ताज का चुंबन किया । हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ के चित्र को लाल कपड़े में लपेटकर, पूजा करके बर्फ में दबा दिया । अंग दोरजी के प्रति आदर भाव से झुकी । | 3 |
| 35. | कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** कर्नाटक की प्रकृतिक सुषमा नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण से उत्तर के छोर तक पश्चिमी घाट हैं । दक्षिण में नीलगिरि पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं । कर्नाटक चंदन का आगार है । यहाँ अनेक नदियाँ और जलप्रपात हैं । | 3 |
| 36. | कविता में मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।<br>**उत्तर :** मातृभूमि के खेत हरे-भरे सुशोभित हैं । यहाँ के वन-उपवन फल-फूलों से समृद्ध हैं । जमीन के अंदर अपार खनिज संपत्ति है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 37. | कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए ।<br>**उत्तर :** समय अनमोल है । ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्राप्त अनुपम धन है । समय को व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए । बीता हुआ समय वापस नहीं मिलता । समय का सदुपयोग करनेवालों को ही सफलता प्राप्त होती है । | 3 |
| 38. | 'कश्मीरी सेब' पाठ द्वारा लेखक प्रेमचंद क्या संदेश देना चाहते हैं ?<br>**उत्तर :** बाजार में अनेक तरह की धोखेबाजी होती है । इसलिए हमें सावधानी से खरीदारी करनी चाहिए । व्यापारी को बेईमानी करने का मौका नहीं देना चाहिए, नहीं तो धोखा खाने की संभावना रहती है । | 3 |
| 39. | तुलसीदास ने दया गुण के महत्व को कैसे समझाया है ?<br>**उत्तर :** धर्म का मूल दया है । पाप का मूल अभिमान है । जब तक शरीर में प्राण हैं, तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |
| 40. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।<br>पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।<br>**उत्तर :** तुलसीदास ने मखिया के लक्षणों के बारे में बताया है । मुखिया को मुख की तरह होना चाहिए । मुँह अकेला खाता है, शरीर के सभी अंगों का समान रुप से विकास होता है । वैसे ही मुखिया को समाज के सभी अंगों के विकास के लिए सदा काम करना चाहिए । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 41. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br>प्रकृति हमारी माता है । इसलिए हमें प्राकृतिक संपत्ति का सदुपयोग करना चाहिए । अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है ।<br>**उत्तर :** ಪ್ರಕೃತಿ ನಮ್ಮ ತಾಯಿ. ಆದ್ದರಿಂದ ನಾವು ಪ್ರಾಕೃತಿಕ ಸಂಪತ್ತನ್ನು ಸದ್ಬಳಕೆ ಮಾಡಬೇಕು. ನಮ್ಮ ಪರಿಸರವನ್ನು ಸ್ವಚ್ಛವಾಗಿಟ್ಟುಕೊಳ್ಳುವುದು ನಮ್ಮ ಕರ್ತವ್ಯವಾಗಿದೆ.<br>Nature is our mother. So we should use the natural resources in a correct way. It is our duty to keep our nature clean. | 3 |
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** $3 \times 4 = 12$ | |
| 42. | राजकिशोर के दया गुण और सेवा भाव का वर्णन कीजिए ।<br>**अथवा**<br>बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** राजकिशोर मजदूरों के नेता थे । गरीबों की मदद करते थे । बसंत की मदद करने के उद्देश्य से छलनी खरीदते हैं । घायल बसंत की सहायता करने के लिए खुद झोंपड़ी तक जाते हैं । डाक्टर को बुलवाते हैं । चिकित्सा का सारा खर्च खुद देख लेते हैं । वे एक दयालु नेता थे ।<br>**अथवा** | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | बसंत मेहनत करके अपने छोटे भाई के साथ ईमानदारी से जी रहा था । बिना छलनी लिए जब राजकिशोर पैसे देने जाते हैं, उसे भीख मानकर इनकार करता है । यह उसका स्वाभिमान है । मोटर दुर्घटना के बाद, होश आते ही राजकिशोर के छुट्टे पैसे प्रताप क हाथों भेजता है । यह उसकी ईमानदारी है । | |
| 43. | गिल्लू के कार्य-कलापों का विवरण दीजिए ।<br>**अथवा**<br>गिल्लू के दुखद अंत का विवरण दीजिए ।<br>**उत्तर :** गिल्लू लेखिका को आकर्षित करने के लिए परदे के सहारे नीचे आकर, फिर ऊपर चढ़ता था । उनके कार्यों को देखते हुए, मेज पर घंटों तक बैठता । भूख लगने पर चिक-चिक करता था । रोज खुली खिड़की से बाहर अन्य गिलहरियों के साथ खेलने जाता था । लेखिका को चौंकाने की चेष्टाएँ करता था ।<br>**अथवा**<br>गिल्लू ने अपने आखरी दिन न कुछ खाया, न ही बाहर गया । उसके पंजे ठंडे हो रहे थे । लेखिका ने हीटर जलाकर उष्णता देने का प्रयत्न किया । किन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ वह चिर निद्रा में सो गया । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 44. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ..............................................<br>..........................................................<br>..........................................................<br>.............................................. भागो तुम ।<br>**उत्तर :** असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गइ, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| VII. 45. | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** $1 \times 5 = 5$<br>विवेकानंद रोज व्यायाम करते थे । इसलिए उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर था । उनकी बुद्धि प्रखर थी । वे मृदुभाषी थे । बचपन से ही उनका झुकाव धर्म और दर्शन की ओर था । भगवद्गीता उनकी प्रिय पुस्तक थी, जिसे वे रोज पढ़ते थे । ईश्वर को देखने | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | की प्रबल आकांक्षा बचपन से ही उनके मन में थी । विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता ।<br>अ) विवेकानंद का शरीर कैसा था ?<br>आ) विवेकानंद रोज कौन-सी पुस्तक पढ़ते थे ?<br>इ) विवेकानंद की प्रबल आकांक्षा क्या थी ?<br>ई) विवेकानंद के अनुसार नास्तिक कौन है ?<br>उ) विवेकानंद का झुकाव किस ओर था ? | |
| | **उत्तर :** (अ) स्वस्थ और सुंदर । | 1 |
| | **उत्तर :** (आ) भगवद्गीता । | 1 |
| | **उत्तर :** (इ) ईश्वर को देखने की । | 1 |
| | **उत्तर :** (ई) नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता । | 1 |
| | **उत्तर :** (उ) धर्म और दर्शन की ओर । | 1 |
| VIII. 46. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** $1 \times 5 = 5$<br>क) **ग्राम सुधार**<br>* प्रस्तावना<br>* गाँवों की समस्याएँ<br>* गाँवों को सुधारने के लिए सुझाव<br>* उपसंहार । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | ख) **जनसंख्या समस्या - समाधान**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम<br>✳ परिहारोपाय<br>✳ उपसंहार ।<br>ग) **कर्नाटक राज्य**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ विषय प्रवेश<br>✳ कर्नाटक की विशेषताएँ<br>✳ उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1<br>✳ भाषा का प्रयोग 1 | 5 |
| IX.<br>47. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5<br>अपने घर में मनाये गय हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** पत्र लेखन :<br><br>पारिवारिक पत्र<br>* प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$<br>* संबोधन एवं अभिवादन 1<br>* विषयवस्तु $2\frac{1}{2}$<br>* समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>* पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br><br>**अथवा**<br><br>व्यावहारिक पत्र<br>* प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>* पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>* विषय $\frac{1}{2}$<br>* संबोधन $\frac{1}{2}$<br>* विषयवस्तु $2\frac{1}{2}$<br>* समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |